प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.03.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे

इमरजेंसी लैंडिंग

शिमला के समीप जुब्बड़हट्टी स्थित हवाई अड्डे में आज सुबह दिल्ली से शिमला पहुंची फ्लाइट की एमरजैंसी लैंडिग की गई। फ्लाइट की लैंडिंग सही न होने से प्लेन रन वे से थोड़ा आगे रुका और इसमें सफर कर रहे 30 यात्री करीब 28 मिनट तक जहाज में ही फंसे रहे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इसी फ्लाइट में दिल्ली से शिमला लौट रहे थे और प्रदेश के पुलिस महानिदेशक भी फ्लाइट में सफर कर रहे थे। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट का रनवे पहले ही छोटा है और इसी वजह से एमरजेंसी ब्रेक लगानी पड़ी। इस मामले पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि डीजीपी के माध्यम से जुब्बड़हट्टी में फ्लाइट की इमर्जैंसी लैंडिंग की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि मामले को केंद्र सरकार के उड्डयन विभाग के साथ उठाया जाएगा ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी फ्लाइट में सफर कर रहे थे और सभी यात्री भी सुरक्षित हैं। इमर्जैंसी लैंडिंग के क्या कारण रहे हैं इसकी फिलहाल जानकारी आना बाकी है।

.......................................................

राज्यपाल

राज्यपाल व राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला में दो दिवसीय निःशुल्क 'एक्यूपंक्चर चिकित्सा' शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष जानकी शुक्ल भी मौजूद रहीं। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि राज्य रेडक्रॉस सोसायटी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि एक्यूपंक्चर उपचार की एक प्रभावी प्राकृतिक पद्धति है और पिछले वर्ष भी इस प्रकार के एक्यूपंक्चर शिविर का आयोजन किया गया था जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया था।

.......................................................

तपेदिक दिवस

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के उन्मूलन, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने के लिए प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। इस

वर्ष की थीम है "हां, हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैं– प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयास "। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर लोगों से क्षय रोग–टीबी को खत्म करने और स्वास्थ्य में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता का आह्वान किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वास्थ्य मंत्री ने इस बीमारी से निपटने में सरकार के प्रयासों के बारे में बताया। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान और निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी रोगियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 5 सौ रुपये प्रति माह से बढ़ाकर एक हज़ार रुपये प्रति माह कर दी गई है। नड्डा ने टीबी रोगियों को व्यापक सहायता प्रदान करने वाले सभी स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक मिलकर टीबी मुक्त भारत बना सकते हैं और सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में काम कर सकते हैं।

..........................................................

आर्ट प्रदर्शनी

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बच्चों की कम हो रही संख्या पर चिंता जताते हुए कहा है कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई कदम उठा रही है। वे आज शिमला के गेयटी थियेटर में प्रदेश विश्वविद्यालय के विजुअल आर्ट विभाग की वार्षिक आर्ट प्रदर्शनी चित्र कथा 2025 के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। रोहित ठाकुर ने कहा कि बीस वर्ष पहले सरकारी स्कूलों में पहली से आठवी तक बच्चों की संख्या साढ़े नौ लाख थी जो अब घट कर साढ़े चार लाख हो गई है यानि 55 फीसदी दाखिले कम हो गए हैं। शिक्षा मंत्री ने प्रदर्शनी में विजुअल आर्ट विभाग के बच्चों द्वारा प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, सुंदरता को दर्शाते चित्रों का अवलोकन किया।

..........................................................